प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



तेज प्रताप के दही- चूड़ा का आयोजन छोड़ गया कई अहम सवाल पेज-2

पूर्व सैनिकों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि
पेज-6 - सेना दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

वर्ष : 15 अंक : 28 शुक्रवार 16 जनवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया


# राष्ट्रपति मुर्मू समेत पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई

## देशवासी को गौरवान्वित करने वाला सेना का शौर्य

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को सेना दिवस के मौके पर भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि देश के सैनिक निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के तौर पर सबसे मुश्किल हालात में पक्के इरादे के साथ देश की रक्षा के लिए डटे रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश सैनिकों की हिम्मत और पक्के इरादे को सलाम करता है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''दुर्गम स्थलों से लेकर बर्फीली चोटियों तक हमारी सेना का शौर्य और पराक्रम हर देशवासी को गौरवान्वित करने वाला है। सरहद की सुरक्षा में डटे जवानों का हृदय से अभिनंदन!'' मोदी ने लिखा, ''हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के तौर पर सबसे मुश्किल हालात में भी पक्के इरादे से देश की रक्षा के लिए डटे रहते हैं। उनकी कर्तव्य की भावना पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता बढ़ाती है।''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को सेना दिवस के अवसर पर देश के बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी श्राष्ट्र प्रथमश की अडिग भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय सेना हमारे राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा, हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं तथा मानवीय संकटों के दौरान महत्वपूर्ण







सहायता प्रदान करते हैं। आपकी राष्ट्र प्रथम की अडिग भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है।ष सेना दिवस 1949 में जनरल के. एम. करियप्पा (जो बाद में फील्ड मार्शल बने) के भारतीय सेना के पहले कमांडर– इन–चीफ के रूप में कार्यभार संभालने की स्मृति में मनाया जाता है। सीएम योगी ने सेना दिवस के मौके पर भारतीय सेना को किया नमन लिखा–'राष्ट्र प्रथम' भाव के वाहक, माँ भारती की रक्षा के लिए समर्पित, 'सेवा परमो धर्मः' और सर्विस बिफोर सेल्फ के आदर्शों को हर कदम पर साकार करने वाले भारतीय सेना के पराक्रमी वीरों एवं उनके परिजनों को श्सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। शौर्य की गौरवशाली परंपरा और मातृभूमि की अस्मिता के लिए आपके निस्वार्थ बलिदान की भावना को कोटि–कोटि नमन। आपकी कर्तव्यनिष्ठा व त्याग पर हमें गर्व है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेना दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना देश की ऐसी अडिग ढाल के रूप में खड़ी है जो सीमाओं की रक्षा करती है, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के दौरान स्थिरता को मजबूत करती है और प्राकृतिक आपदाओं के समय दृढ़ सहयोग देती है। सेना दिवस 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर– इन–चीफ बनने की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने 1949 में ब्रिटिश जनरल सर एफआरआर बुचर की जगह ली थी। बाद में करियप्पा फील्ड मार्शल बने। खरगे ने कहा, ''भारतीय सेना दिवस पर हम अपने बहादुर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सम्मान और कृतज्ञता के साथ नमन करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय सेना देश की अडिग ढाल के रूप में खड़ी है जो सबसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में हमारी सीमाओं की रक्षा करती है, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों के दौरान स्थिरता को मजबूत करती है और प्राकृतिक आपदाओं के समय अटूट सहयोग देती है।''कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''आपके अदम्य साहस, अनुकरणीय पेशेवर दक्षता और उस निस्वार्थ बलिदान की भावना के लिए हम सदैव ऋणी रहेंगे जो भारत को सुरक्षित रखती है।' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सेना के अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान की सराहना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''देश की रक्षा में सदैव तत्पर हमारे वीर जवानों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान के लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। जय हिंद।''कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा, ''हर वर्दी के पीछे बलिदान, साहस और राष्ट्रप्रेम की कहानी छिपी होती है। मैं भारतीय सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों को उनकी वीरता, दृढ़ता और निस्वार्थ सेवा के लिए सलाम करती हूं। जय हिंद।''कांग्रेस ने भी 'एक्स' पर 'पोस्ट' साझा करते हुए कहा कि वह सैनिकों को उनके साहस, अनुशासन और कर्तव्य निभाते हुए दिए जाने वाले सर्वोच्च बलिदान के लिए सलाम करती है। उसने कहा, ''भारतीय सेना हमारे राष्ट्र की सबसे मजबूत ढाल के रूप में खड़ी है। भारत के प्रति उनकी अटल सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हम उनके अत्यंत आभारी हैं। जय हिंद।

# दिल्ली में 28वें सीएसपीओसी में बोले पीएम मोदी

## भारत ने बनाया विविधता को लोकतंत्र की शक्ति

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत बनाया है और



दुनिया को दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, गति तथा स्तर (स्केल) प्रदान करते हैं। राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) का उद्घाटन करते हुए, मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है जिसकी जड़ें गहरी हैं। उन्होंने कहा, ''जब भारत को आजादी मिली, तो कई लोगों को संदेह था कि देश की इतनी अधिक विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। हालांकि, यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की शक्ति बन गई।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह भी संशय था कि लोकतंत्र ने जड़ें जमा भी लीं, तो भी भारत को आगे बढ़ने में मुश्किल होगी। इन संशयों के उलट, भारत ने दिखाया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं उसके विकास को स्थिरता, स्केल और गति प्रदान करते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में बहस, संवाद और मिलकर फैसला लेने की लंबी परंपरा रही है। उन्होंने कहा, ''भारत में, लोकतंत्र का मतलब है अंतिम पायदान तक सेवाओं की पहुंच।'' उन्होंने यह भी कहा कि भारत हर वैश्विक मंच पर 'ग्लोबल साउथ' की चिंताओं को मजबूती से उठा रहा है। मोदी ने कहा, ''अपनी ळ20 की अध्यक्षता के दौरान भी, भारत ने 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं को वैश्विक एजेंडा के केंद्र में रखा था।'' संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में करीब 60 स्पीकर और पीठासीन अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इसमें आज के कई संसदीय मुद्दों पर चर्चा हो रही है, जिनमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं को बनाकर रखने में अध्यक्ष (स्पीकर) और पीठासीन अधिकारी की भूमिका भी शामिल है। संसदीय कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल, संसद सदस्यों पर सोशल मीडिया का असर, संसद के बारे में लोगों की समझ बढ़ाने के लिए नई रणनीति और मतदान के अलावा नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने आदि पर भी इस कॉन्फ्रेंस में चर्चा की जा रही है।

# 17 जनवरी को भागीरथपुरा के पीड़ितों का दर्द बांटने आएंगे राहुल गांधी

## सीएम मोहन बोले- लाशों पर राजनीति करने आओगे तो इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा

(एजेंसी) इंदौर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 17 जनवरी को प्रस्तावित मध्यप्रदेश के इंदौर प्रवास के पहले ये शहर पूरी तरह राजनीति का अखाड़ा बन गया है। राहुल गांधी दूषित पेयजल से हुई लगभग 20 से भी ज्यादा लोगों की मौत के मामले को लेकर 17 को



इंदौर आने वाले हैं। वे यहां प्रभावितों के परिजन से मुलाकात करेंगे। उनके इस दौरे के पहले राज्य में इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने–सामने आ गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल अपने इंदौर प्रवास के दौरान बिना किसी का नाम लिए इस मामले को लेकर कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा,''हमने इस कठिनाई के दौर को महसूस किया है, संवेदना के साथ महसूस किया है, लेकिन आप अगर लाशों पर राजनीति करने आओगे, इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा। कोई बर्दाश्त करने वाला नहीं है।'' उन्होंने कहा कि अगर आपने आपदा में से अवसर तलाश कर राजनीति का रास्ता तलाशा, तो ये उचित नहीं कहा जा सकता। आप सकारात्मक विरोध करो, विपक्ष की आवाज विपक्ष की तरह से रखो, तो हम सब उस बात से सहमत हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा,''लेकिन अगर आपने बात निकाली, तो बात दूर तलक तक जाएगी।'' वहीं कांग्रेस ने भी सरकार पर हमला बोला है। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 17 जनवरी को इंदौर आगमन पीड़ित परिवारों और शहरवासियों को संबल, संवेदना और न्याय की उम्मीद देगा। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से अब तक 20 से भी ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। सरकार जहां लगातार व्यवस्थाएं सुधारने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस इसे एक मुद्दा बना रही है।

# मायावती ने जन्म दिन पर कार्यकताओं को दिया बड़ा संदेश

## कहा, चुनाव में इस शर्त पर होगा गठबंधन पर विचार

(एजेंसी) लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 सहित देश में होने वाले सभी छोटे–बड़े चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 में उत्तर प्रदेश में बसपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में अपना 70वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधा। उन्होंने स्पष्ट किया, "हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में सभी चुनाव अकेले लड़ना अधिक उचित समझा है। किसी भी पार्टी के साथ किसी भी चुनाव में किसी प्रकार का गठबंधन नहीं किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि यह भरोसा हो जाता है कि किसी गठबंधन सहयोगी पार्टी के खासकर अगड़ी जातियों के वोट बसपा को स्थानांतरित हो सकते हैं, तभी गठबंधन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं। मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बसपा के चार कार्यकालों को याद करते हुए एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि इसे साकार करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह जुट गए हैं, ताकि इस बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने





दावा किया कि कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य जातिवादी पार्टियां विभिन्न हथकंडे अपना रही हैं जिनका मुंहतोड़ जवाब देकर उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। ईवीएम को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले कई चुनावों की तरह इस बार भी ईवीएम में धांधली और बेईमानी हो सकती है, इसके बावजूद बसपा पूरे देश में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोगों का मानना है कि ईवीएम में धांधली करने वालों का सिस्टम कभी भी विफल हो सकता है और तब सही चुनाव परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में ईवीएम का विरोध बढ़ रहा है। बसपा प्रमुख ने पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम के निधन पर राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया गया और उनकी उपेक्षा की गई थी। उन्होंने कहा कि अन्य जातियों के साथ–साथ मुस्लिम समाज के साथ भी अन्याय हुआ है। मायावती ने दावा किया कि बसपा सरकार के दौरान दंगे नहीं हुए और यादव समाज का भी पूरा ध्यान रखा गया। इससे पहले मायावती के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश पर लिखा, "बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्रीराम से आपके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लिखा, "आदरणीय सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उन्हें स्वस्थ, स्वतंत्र जीवन और सार्थक सक्रियता के लिए अनंत शुभकामनाएं।" उन्होंने आगे लिखा, "शोषित, वंचित, उत्पीड़ित और उपेक्षित समाज के मान–सम्मान एवं अधिकारों के लिए उनका संघर्ष निरंतर बना रहेकृ इसी कामना के साथ पुनः जन्मदिन की बधाई। बसपा प्रमुख मायावती का आज 70वां जन्मदिन है, जिसे पार्टी पूरे प्रदेश में 'जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना रही है।

# मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर पीएम मोदी पर बरसे खरगे, ऐतिहासिक धरोहर मिटाने का आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा ष गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है, आगे कहा कि सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। नरेंद्र मोदी जी... आप हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। वह भी बस उस पर अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं। प्रदर्शनकारियों ने मणिकर्णिका घाट की पुनर्विकास योजना के तहत विध्वंस अभियान का विरोध किया है। अहिल्याबाई होलकर की एक शताब्दी पुरानी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिसे जिला प्रशासन ने खारिज कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को कहा कि कलाकृतियों को संस्कृति विभाग द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। काम पूरा होने के बाद उन्हें उनके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस नवीनीकरण का उद्देश्य घाट पर स्वच्छता और स्थान प्रबंधन में सुधार करना है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में शवदाह होते हैं। खरगे के अनुसार, एक गलियारे के नाम पर छोटे–बड़े मंदिरों और तीर्थस्थलों को ध्वस्त कर दिया गया और अब प्राचीन घाटों की बारी है। विश्व का सबसे प्राचीन शहर काशी, आध्यात्मिकता, संस्कृति, शिक्षा और इतिहास का संगम है,जो पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। क्या इन सबके पीछे का मकसद एक बार फिर अपने व्यापारिक सहयोगियों को लाभ पहुंचाना है? आपने पानी, जंगल और पहाड़ उन्हें सौंप दिए हैं, और अब हमारी



सांस्कृतिक विरासत की बारी है।खरगे ने कहाष्देश की जनता के आपसे दो सवाल हैंरू क्या विरासत को संरक्षित रखते हुए जीर्णोद्धार, सफाई और सौंदर्यीकरण नहीं किया जा सकता था? पूरा देश याद करता है कि कैसे आपकी सरकार ने बिना किसी परामर्श के महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर सहित महान भारतीय हस्तियों की मूर्तियों को संसद परिसर से हटाकर एक कोने में रख दिया था। उन्होंने दावा किया कि जलियांवाला बाग स्मारक में, इसी ष्नवीनीकरणष के नाम पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को दीवारों से मिटा दिया गया था। उन्होंने पूछा कि मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी मूर्तियां, जो बुलडोजरों का शिकार हुईं, क्यों नष्ट कर दी गईं और मलबे में तब्दील कर दी गईं? ष्क्या इन्हें किसी संग्रहालय में संरक्षित नहीं किया जा सकता था? आपने दावा किया था, श्मां गंगा ने मुझे बुलाया हैश। आज आप मां गंगा को भूल गए हैं। वाराणसी के घाट वाराणसी की पहचान हैं। क्या आप इन घाटों को आम जनता के लिए दुर्गम बनाना चाहते हैं?ष खरगे ने कहा कि लाखों लोग हर साल अपने जीवन के अंतिम चरण में मोक्ष प्राप्त करने के लिए काशी आते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या उनका इन श्रद्धालुओं के विश्वास के साथ विश्वासघात करने का इरादा हैष।मंगलवार को शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पाल समाज समिति के सदस्यों ने किया। इसे मराठी समुदाय के कुछ वर्गों और अन्य स्थानीय समूहों का समर्थन प्राप्त था। समिति के महेंद्र पाल ने दावा किया कि विध्वंस अभियान के दौरान घाट पर स्थित होलकर की सौ साल पुरानी मूर्ति को हटा दिया गया। सनातन रक्षक दल के अध्यक्ष अजय शर्मा ने आरोप लगाया कि घाट पर स्थापित कई प्रतिष्ठित मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया गया है, जिसे उन्होंने धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर जीर्णोद्धार के नाम पर ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए इसे शहर की आत्मा और सनातन संस्कृति पर हमला बताया। मणिकर्णिका घाट हिंदू धर्म के सबसे प्राचीन और पवित्र श्मशान घाटों में से एक है और ऐसा माना जाता है कि यह मोक्ष प्रदान करता है, यानी जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाता है, जिससे इसका अत्यधिक धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है।

# शेयर बाजार में टेंशन, शुरुआती तेजी के बाद आई गिरावट, 379 अंक उछला सेंसेक्स

(एजेंसी) मुंबई। घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 379.86 अंक चढ़कर 84,258.03 अंक पर पहुंच जबकि एनएसई निफ्टी 109.55 अंक की बढ़त के साथ 25,899.80 अंक पर पहुंच गया। दोनों बाजारों ने हालांकि जल्द ही शुरुआती बढ़त गंवा दी और गिरावट के साथ कारोबार करने लगे। सेंसेक्स 244.98 अंक टूटकर 83,627.36 अंक पर और निफ्टी 74.30 अंक फिसलकर 25,716.70 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और टाटा स्टील के शेयर नुकसान में रहे। वहीं इटर्नल, टेक महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयर फायदे में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे जबकि चीन के एसएसई कम्पोजिट में मामूली गिरावट रही। अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.06 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,638.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,839.32 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सम्पादकीय

## नीतीश के लिए आरसीपी सिंह क्यों हैं ज़रूरी!

बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि वजह है पूर्व केंद्रीय मंत्री और कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद माने जाने वाले आरसीपी सिंह की जनता दल (यूनाइटेड) में संभावित वापसी। पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा ज़ोरों पर है कि आरसीपी सिंह एक बार फिर नीतीश कुमार के साथ खड़े नज़र आ सकते हैं। खुद आरसीपी सिंह का बयान यह आपको जल्द ही पता चल जाएगा इन अटकलों को और मज़बूत कर रहा है।



नफीस जाफरी

एक समय में जदयू में नंबर दो की हैसियत रखने वाले आरसीपी सिंह दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने, थोड़े दिनों के लिए भाजपा में भी रहे, केन्द्र में मंत्री भी बने, फिर अपनी पार्टी बनाई और पिछले दिनों बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त जन सुराज के साथ थे। जन सुराज से उनकी बेटी चुनाव भी लड़ीं, मगर हार गईं। आरसीपी सिंह की दूसरी बेटी आईपीएस हैं। उनके जदयू में वापसी की खबरों को तब बल मिला, जब नीतीश कुमार और आरसीपी दोनों पटेल सेवा संघ के दही–चूड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां पर आरसीपी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वो और नीतीश कुमार एक ही हैं। उनका 25 सालों का साथ है और नीतीश कुमार उनके अभिभावक हैं। बिहार की राजनीति पर नजर रखने वाले कई लोग मानते हैं कि नीतीश कुमार के बाद जेडीयू में पिछड़े समाज का कोई बड़ा चेहरा नहीं है और आरसीपी उसमें फिट बैठते हैं। नीतीश कुमार उन पर काफी भरोसा भी करते रहे हैं। उन्होंने नौकरशाह होते हुए और बाद में राजनैतिक सहयोगी के तौर पर उनके साथ काम किया, कुर्मी जाति से आते हैं और नालंदा के ही रहने वाले हैं। दूसरी सबसे अहम बात ये है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को जेडीयू में लाने की तैयारी हो रही है। उसके लिए नीतीश कुमार के आसपास विश्वासपात्र कुर्मी नेताओं का होना जरूरी है। इसी कड़ी में एक और नाम है मनीष वर्मा का, जो आईएएस की नौकरी छोड़कर नीतीश कुमार के साथ जुड़े हैं। मनीष वर्मा का कहना है कि निशांत को कब राजनीति में आना है, यह नीतीश कुमार और निशांत तय करेंगे। ऐसे में यह माना जा रहा है कि जेडीयू की राजनीति में आरसीपी सिंह एक धागे का काम करेंगे और उनका काम होगा जेडीयू में पिछड़ों की राजनीति को एक बार फिर से मजबूत करना। जानकार मानते हैं कि जेडीयू में यह करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि नीतीश कुमार का वोट बैंक ही पिछड़ा और अति पिछड़ा है। अब जेडीयू में निशांत कुमार के लिए रास्ता बनाना और उन्हें बिहार की राजनीति में स्थापित करने की जिम्मेवारी आरसीपी सिंह और मनीष वर्मा जैसे बैकरूम वॉयज पर ही होगी।

# तेज प्रताप के दही-चूड़ा का आयोजन छोड़ गया कई अहम सवाल



गुलफिशा खान

बीते दिनों मकर संक्रांति का मौका था। बिहार में जगह–जगह दही–चूड़ा भोज का आयोजन हुआ। ऐसे ही दही–चूड़ा के एक भोज ने बिहार की राजनीति में हलचल तेज कर दी। मौका था लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के सरकारी आवास 26 एम, स्ट्रैंड रोड पर दही–चूड़ा भोज के आयोजन का। देखने में यह एक पारंपरिक पर्व का आयोजन था, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे सामान्य कार्यक्रम नहीं माना गया। हर किसी की नजर इस बात पर थी कि क्या यह आयोजन तेजप्रताप यादव की नई राजनीतिक शुरुआत यानी पॉलिटिकल लॉन्चिंग का मंच बनने जा रहा है। दरअसल, बीते कुछ समय से तेजप्रताप यादव की गतिविधियां यह संकेत दे रही थीं कि वे अपनी राजनीतिक भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करना चाहते हैं। यही वजह थी कि दही–चूड़ा भोज से पहले ये चर्चाएं शुरू हो गई थीं कि तेजप्रताप इस आयोजन के जरिए यह दिखाने की कोशिश करेंगे कि उनकी स्वीकार्यता सिर्फ राजद तक सीमित नहीं है, बल्कि वे एनडीए के नेताओं के साथ भी संवाद और संपर्क बनाने में सक्षम हैं। इन चर्चाओं को और हवा तब मिली, जब सामने आया कि तेजप्रताप यादव ने पिछले करीब 15 दिनों में खुद एनडीए के कई बड़े नेताओं से संपर्क किया। उन्होंने नेताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और संदेशों के जरिए न्योता दिया। न्योता पाने वालों में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, कई कैबिनेट मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद के सभापति और अलग–अलग दलों के बड़े नेता शामिल थे। एक दर्जन से ज्यादा बड़े नामों को आमंत्रण दिया जाना अपने आप में बड़ा सियासी संकेत माना गया। लेकिन आयोजन के दिन तस्वीर बिल्कुल उलट नजर आई। जिन बड़े नेताओं की मौजूदगी की उम्मीद थी, वे कार्यक्रम में दिखाई नहीं दिए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री अशोक चौधरी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को छोड़ दें, तो ज्यादातर बड़े चेहरे इस भोज से दूर रहे। न मंत्रियों की भीड़ दिखी और न ही एनडीए के दिग्गज नेताओं की सक्रिय भागीदारी। जिसके बाद डिजिटल और सियासी हलकों में इसे तेजप्रताप यादव के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इस गैरहाजिरी के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। पहला साफ संदेश यह माना जा रहा है कि एनडीए के नेता तेजप्रताप यादव के किसी भी संभावित अलग राजनीतिक प्रयोग से खुद को जोड़ने के मूड में नहीं हैं। दूसरा, यह भी चर्चा है कि तेजप्रताप यादव की स्थिति फिलहाल न तो उनकी अपनी पार्टी राजद में मजबूत है और न ही सत्ता पक्ष या विपक्ष के दूसरे खेमों में उन्हें लेकर कोई स्पष्ट राजनीतिक लाइन है। ऐसे में बड़े नेताओं ने दूरी बनाए रखना ही सुरक्षित समझा। राजद के अंदरूनी हालात भी इस पूरे घटनाक्रम से जुड़े हुए माने जा रहे हैं। तेजप्रताप यादव और तेजस्वी यादव के रिश्तों को लेकर पहले से ही तरह–तरह की अटकलें लगती रही हैं। पार्टी के भीतर तेजप्रताप की भूमिका सीमित होती दिख रही है, जबकि वे बाहर अपनी अलग पहचान और राजनीतिक स्पेस तलाशने की कोशिश में नजर आते हैं। दही–चूड़ा भोज को भी इसी कोशिश का हिस्सा माना गया था, लेकिन अपेक्षित समर्थन न मिलना उनके लिए एक बड़ा संकेत है। कुल मिलाकर, जिस आयोजन को तेजप्रताप यादव की सियासी उड़ान का टेकऑफ माना जा रहा था, वही आयोजन कई सवाल छोड़ गया। एनडीए नेताओं की गैरमौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि उनकी राजनीतिक उड़ान फिलहाल जमीन से ऊपर उठने में ही अटकी हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों की नजर



में यह पूरा मामला टेकऑफ से पहले क्रैश जैसा है, जहां मंशा बड़ी थी, संदेश भी था, लेकिन सियासी हकीकत ने फिलहाल उन्हें आईना दिखा दिया। अब आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि तेजप्रताप यादव इस संकेत को कैसे समझते हैं और आगे अपनी राजनीति की दिशा किस तरफ मोड़ते हैं। जहां तक राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का सवाल है तो बिहार की सियासी पिच पर मकर संक्रांति का दिन काफी अहम होता है। राजनीतिक किरदार इस दिन का इस्तेमाल अपनी मजबूत सियासत दिखाने के लिए करते हैं। वैसे भी जब लालू यादव के परिवार का कोई सदस्य इस दिन दही चूड़ा का भोज दे रहा हो तो नजरें सबकी रहती ही है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने पटना में दही चूड़ा का भोज दिया था। इस भोज में लालू खुद पहुंचे। एक वक्त था जब लालू यादव के दही चूड़ा भोज की चर्चा होती है आज तेज प्रताप के भोज की चर्चा है। कुछ दिन पहले लालू यादव ने ही तेज प्रताप को आरजेडी और परिवार से निकाल दिया था। लेकिन राजनीतिक समीकरण और हालात ने सब बदलकर रख दिया। काले चश्मे और काले मफलर के साथ लालू यादव सबसे तेज प्रताप के घर पहुंचे। पहले तेज प्रताप दिल्ली में अपने पिता से मिले फिर पटना में घर जाकर पिता, मां राबड़ी देवी और छोटे भाई तेजस्वी से मिले और उन्हें अपने घर दही चूड़ा के भोज के लिए निमंत्रण दिया। अब भला पिता कैसे अपने बड़े बेटे का निमंत्रण में नहीं जाते। लालू यादव सबसे पहले पहुंचे और बेटे से जमकर बतियाए। लालू के साथ बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बैठे थे। इस दौरान तेज प्रताप पिता के करीब बैठकर बाते करते दिखे। लालू यादव के बगल में ही राज्यपाल खान बैठे थे. तीनों मिलकर काफी गुतगू करते दिखे। कई सियासी पंडित तेज प्रताप के इस पहल को लालू यादव के जोड़कर देख रहे हैं। कुछ सियासी विशेषज्ञ इसे तेज प्रताप यादव के परिवार को एकजुट करने की कोशिश से भी जोड़ रहे हैं। अब इसके पीछे का दांव पेच चाहे जो भी हो तेज प्रताप ने अपने घर दही चूड़ा का भोज देकर राज्य की सियासत में पिता लालू के पद चिह्नों पर चल दिया है। तेज प्रताप के भोज में शामिल होने के बाद लालू यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी को इस तरह का भोज का आयोजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में कोई मतभेद नहीं है। तेज प्रताप यादव के मामा साधु यादव भी पहुंचे दही चूड़ा भोज में पहुंचे हैं। आरजेडी एमएलसी इंजीनियर सौरभ भी दही चूड़ा भोज में पहुंचे। दोनों नेताओं ने बोला कि दोनों भाई को एक ही जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह लोग एक है और पार्टी भी एक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लालू जी आए है और तेजस्वी यादव भी यहां आएंगे।

# विभिन्न आंदोलनों का गवाह रहा है ईरान



फरीद वारसी

ईरान में भीषण विरोध प्रदर्शनों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य कार्रवाई की धमकी के बीच तेहरान ने अपनी रक्षा के लिए वर्चुअल दीवार खड़ी कर दी है। ईरान की सेना ने फारस की खाड़ी के तटीय इलाकों के अलावा इराक और अजरबैजान की सीमाओं से लगे इलाकों में असली गोला बारूद के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए गनफायर ड्रिल्स शुरू कर दी हैं। रक्षा विश्लेषकों के मुताबिक, इस सैन्य अभ्यास का असल मकसद अमेरिकी हमले की स्थिति में अपने महत्वपूर्ण ठिकानों की रक्षा और जवाबी हमले की तैयारी माना जा रहा है। इस अभ्यास में ईरान मुख्य रूप से अपनी उन विमान भेदी तोपों का इस्तेमाल कर रहा है, जिन्हें दुश्मन के विमानों को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है। ईरान ने अपने अहम ठिकानों को नो लाई जोन में बदल दिया है। पिछले एक हते के अंदर ईरान की एविएशन अथॉरिटी की तरफ से कम से कम 20 NOTAM (नोटिस टू एयरमेन) जारी किए जा चुके हैं। अधिकतर NOTAM में पायलटों को 17 हजार फीट से नीचे विमान न उड़ाने की चेतावनी दी गई है। यह सीधे तौर पर उन अमेरिकी फाइटर जेट्स को संदेश माना जा रहा है जो ईरान के दक्षिणी तट और उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बना सकते हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि ईरान में लोगों का सरकार के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन बढ़ता ही जा रहा है। ईरान पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की आशंका भी बढ़ गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान को समझौता करने या हमला झेलने के लिए तैयार रहने को चेतावनी दे रहे हैं। इसे देखते हुए भारत समेत कई देशों ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने को कहा है। यह, यह बताने के लिए काफी है कि ईरान के विरोध प्रदर्शन किस दिशा में जा रहे हैं। यह उस ईरान में हो रहा है, जहां के लिए विरोध–प्रदर्शन कोई नई बात नहीं हैं। एक नजर डालते हैं कि इस बार के विरोध प्रदर्शन पिछले विरोध प्रदर्शनों से अलग क्यों हैं। अयातुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद से ही ईरान आंदोलनों और प्रदर्शनों का गवाह रहा है। आर्थिक पाबंदियों से परेशान ईरान की जनता कई बार महंगाई आदि को लेकर सड़कों पर उतरती रही है। लेकिन इस बार के प्रदर्शन हिंसक और जानलेवा हैं। इसकी वजह ईरान के अंदर पैदा हुआ आर्थिक और सामाजिक दबाव और अमेरिकी चेतावनियां या प्रदर्शनकारियों को वहां से मिला प्रदर्शन है। इस वजह से ईरानी सरकार के पास विकल्प बहुत सीमित हैं। ईरान के सामने सीरिया का उदाहरण भी है, जहां बशर अल असद की सत्ता को एक संगठित विद्रोह ने नेस्तनाबूद कर दिया था। सीरिया से केवल असल को ही नहीं बल्कि रूस और ईरान को भी भागना पड़ा था। ईरान में




आजकल हो रहे विरोध–प्रदर्शन पिछले साल 28 दिसंबर को शुरू हुए थे। उस दिन तेहरान के मशहूर ग्रैंड बाजार में दुकानदारों ने ईरानी मुद्रा रियाल की डॉलर के मुकाबले आई भारी गिरावट के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया था। पहले यह केवल व्यापारियों का प्रदर्शन था। लेकिन बाद में इसमें समाज के अलग–अलग वर्गों के लोग शामिल होते गए और यह देश के छोटे–बड़े शहरों में फैल गया। ईरानी रियाल की गिरती कीमत कोई समस्या नहीं थी, बल्कि यह लंबे समय से चली आ रही कई गंभीर समस्याओं की कड़ी थी। ईरान पहले से ही पानी की कमी, बिजली कटौती, बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा था। इससे आम ईरानी का जीवन बहुत कठिन हो गया था। लेकिन 2018 में लगे अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों ने हालात को और भी खराब कर दिया। इसने लाखों ईरानियों की जिंदगी को प्रभावित किया। ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस ने 2015 के परमाणु समझौते के तहत हटाए गए संयुक्त राष्ट्र की सभी पाबंदियों को सितंबर 2025 में फिर से लागू कर दिया था। इससे ईरान में खाद्य महंगाई 70 फीसदी से ज्यादा हो गई। दिसंबर में ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई। लोगों का सरकार से भरोसा उठने लगा। उन्हें भरोसा नहीं रहा कि सरकार बिगड़ती अर्थव्यवस्था सुधार पाएगी। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने विरोध शुरू होने से पहले ही कह दिया था कि देश के आर्थिक हालत पर वो कुछ नहीं कर सकते हैं। उनका यह बयान ईरान के हालात बताने के लिए काफी था। ईरान में हालात पिछले साल उस समय और खराब हो गए जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आदेश दिया। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में शुरू हुए विरोध–प्रदर्शन के बाद खुले तौर पर प्रदर्शनकारियों की मदद करने और ईरान पर हमले की बात दोहराई। प्रदर्शन शुरू होने के बाद ईरान की सरकार ने लोगों की नाराजगी शांत करने के लिए कुछ आर्थिक सुधारों की घोषणा की। इनमें केंद्रीय बैंक के गवर्नर को बदलना और जरूरी सामान के आयात पर लगने वाले शुल्क को खत्म करना शामिल था। इसके बदले सरकार ने हर व्यक्ति को हर महीने करीब सात डॉलर मासिक की नकद देने का वादा किया। लेकिन सरकार के कदम लोगों के गुस्से को कम नहीं कर सके। जैसे–जैसे लोगों का विरोध बढ़ा, वैसे–वैसे सरकारी सुरक्षा बलों का दमन भी बढ़ा। सरकार ने आठ जनवरी के बाद कम्यूनिकेशन करीब–करीब बंद कर दिया। इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं पर पाबंदियां लगा दीं और हजारों लोगों को गिरतार कर लिया गया। इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान कितने आम लोगों मौत हुई है, इसका कोई सरकारी आंकड़ा उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन सरकार ने माना है कि अब तक 100 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने एक ईरानी सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया था कि मरने वालों की संख्या करीब दो हजार हो सकती है। राजनीतिक विश्लेष्कों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब ईरानी सरकार ने सख्त कदम उठाए हों। लेकिन इस बार फर्क यह है कि सरकार के पास आगे बढ़ने का कोई साफ रास्ता नहीं दिख रहा है। भले ही वह इस आंदोलन को दबाने में सफल क्यों न हो जाए। लेकिन आज ईरान की सरकार के पास आर्थिक समस्याओं को हल करने के ज्यादा विकल्प नहीं हैं। इससे यह एहसास पैदा हो रहा है कि सरकार एक तरह अपने अंत की ओर बढ़ रही है। इसकी वजह यह है कि ईरान केवल आंतरिक नहीं बल्कि बाहरी दबाब से भी परेशान है। उसकी परेशानी यह भी है कि उसके एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस नॉन स्टेट एक्टर काफी कमजोर पड़ चुके हैं। अक्तूबर 2023 में हुए हमले के बाद से इजरायल ने एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस में शामिल नॉन स्टेट एक्टर को चुन–चुन कर निशाना बनाया है, इसमें गजा का हमास, यमन के हूती और लेबनान का हिजबुल्लाह शामिल है। इजरायल के साथ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के युद्ध से भी ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। वह कमजोर हुआ है। ताजा विरोध प्रदर्शन को विशेषज्ञ उस 12 दिन के युद्ध का अगला चरण मान रहे हैं। ईरान का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व व्यवस्था एकजुट दिखाई दे रहा है। सेना में किसी बड़े विद्रोह की खबर नहीं है। लेकिन गहराते आर्थिक संकट और बाहरी हस्तक्षेप की आशंका के बीच ईरान के पास रणनीतिक विकल्प बेहद कम होते जा रहे हैं। विश्लेषकों को मानना है कि ईरान के पास विकल्प बहुत सीमित हैं,या तो वह युद्ध में उलझे या वेनेजुएला जैसा अमेरिका के साथ किसी समझौते में शामिल हो, जिसकी बात राष्ट्रपति ट्रंप लगातार कह रहे हैं। अमेरिका के साथ समझौते में ईरान में सत्ता परिवर्तन हो सकता है, भले ही शासन की मूल व्यवस्था पुरानी ही रहे। इसमें भी देखने वाली बात यह होगी अमेरिका ईरान के लिए वेनेजुएला वाला मॉडल अपनाता है या बांग्लादेश वाला।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली–मिश्रीख मार्ग पर कोनी घाट के पास उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक तेज रतार अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के ग्राम भैसासुर निवासी अमरीश अपनी पत्नी सुमन (30 वर्ष) के साथ बाइक से सिधौली से मिश्रीख की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कोनी घाट के समीप पहुँचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से सुमन सड़क पर गिरकर चोटिल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद मिली छुट्टी राहगीरों की मदद से घायल सुमन को तुरंत सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया। अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए महिला का प्राथमिक उपचार किया।



राहत की बात यह रही कि चोटें अधिक गंभीर नहीं थीं, जिसके चलते उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। वहीं, टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की तलाश की जा रही है। सिधौली–मिश्रीख मार्ग पर कोनी घाट के निकट हुआ ये एक्सीडेंट। भैसासुर निवासी सुमन (पत्नी अमरीश) हुईं घायल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद महिला को घर भेजा गया। नैमिषारण्य इलाके की रहने वाली 30 वर्षीय सुमन अपने पति के साथ बाइक पर सवार थीं, तभी एक अज्ञात तेज रतार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया और अस्पताल से छुट्टी दे दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए में एक सफल राजनीतिक सिस्टम बनाया है

अजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए में एक ऐसा सफल राजनीतिक सिस्टम बनाया है कि जो उनमें शामिल दलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आदर बढ़ा है साथ साथ में उनकी विश्वसनीयता भी बनी हुई है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले सीटों के बंटवारे से पहले लोकजनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने कहा नरेंद्र मोदी है न सब सुलझा देगे।यही बात मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने कही ।2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में जेडीयू 115 सीट पर लड़ी थी 2025 में 101 पर लड़कर 85 पर जीत गई ।यह सब मैं इस लिए लिख रहा हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कोई तो ऐसी बात होगी जो उन्हें लगातार साथी दलों में स्वीकार्य बनाए है।यह गुण उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई से सीखा है।स्व अटल बिहारी वाजपेई ने ही राजग की स्थापना की थी। जब 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 240 सीट जीतकर पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त कर सकी थी तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजग का महत्व मालूम हुआ कि भारत में सबसे अधिक राजनीतिक समन्वय की आवश्यकता है।आज भारतीय जनता पार्टी के साथ तमिलनाडु में एआईडीएमके, आंध्र प्रदेश में टीडीपी, बिहार में जेडीयू, लोकजनशक्ति पार्टी, जीतनराम मांझी की हम ,असम में एजीपी, और पूर्वोत्तर में कई क्षेत्रीय दल, महाराष्ट्र में एनसीपी, शिवसेना,है। बिहार में नीतीश कुमार, महाराष्ट्र में अजीत पवार, शिंदे, तमिलनाडु में पनीरसेलम, आंध्र प्रदेश चंद्रबाबू नायडू, उनके सहयोगी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब 2014 में पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सरकार के मुखिया थे तब उनकी सभी पार्टियों में स्वीकारता नहीं थी क्योंकि वह गुजरात से दिल्ली आए थे और उससे पहले गुजरात के 2002 से मुख्यमंत्री थे । नीतीश कुमार भी उसी समय बिहार के मुख्यमंत्री थे ।जब भारतीय जनता पार्टी ने मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया तो उन्हें यह अटपटा लगा तो वे मोदी को राजग नेता के रूप में स्वीकार नहीं कर सके और अलग होकर चुनाव लड़े लेकिन बिहार में लोकसभा 2014 में उनकी पार्टी मात्र दो सीट ही जीत सकी। समय बीता तो बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर पुनरू एनडीए में शामिल हो कर सरकार बना ली।यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली जीत थी समन्वय की । इसके बाद 2019 में नीतीश कुमार ने मोदी नेता मान लिया था और मोदी भी नीतीश कुमार की कोई बात नहीं टालते यहां तक कि 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव में जेडीयू को 47 सीट मिली और भारतीय जनता पार्टी को 77 तब भी मोदी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया जबकि नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा था कि भारतीय जनता पार्टी चाहे तो अपना मुख्यमंत्री बना सकती है बस यही से नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना राजनीतिक गॉड फादर मान लिया।2024 में यद्यपि भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था लेकिन ह्रष्ध में नीतीश कुमार ने मोदी को मदद की और उन्हें हाथ फैलाने नहीं दिया।इसका पुरस्कार फिर मोदी ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में दिया है और नीतीश कुमार के गिरते स्वास्थ्य के बाबजूद मुख्यमंत्री बनाया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अटलजी के पद चिन्हों पर चल रहे हैं अभी हाल में लोकसभा सत्र समाप्ति पर प्रियंका गांधी को खासी तब्बजो दी।इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में शिवसेना के शिंदे को साद रखा है।यहां तक कि शरद पवार इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है मगर कई निर्णयों में सरकार के साथ है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना को उन्होंने ठौर बैठा दिया है क्योंकि 2020 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को 117 सीट मिली और शिवसेना को 57 मिली थी फिर भी संजय राउत शिवसेना के लिए मुख्यमंत्री पद मांग रहे थे जबकि तय यह हुआ था कि जिसकी सीट अधिक आएगी वह मुख्यमंत्री का हकदार होगा। इतना ही नहीं शिवसेना ने कांग्रेस, एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली।तो गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह धोखा लगा । दो वर्ष बाद ही एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना टूट गई और भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बन गए और शिवसेना 2025 का चुनाव में बुरी तरह हार गई। आज एकनाथ शिंदे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंद बने हुए हैं। इसी तरह तमिलनाडु में एआईडीएमके नेता पानीरसेवम उनकी पसंद बने हुए हैं।अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निशाना डीएमके नेता और मुख्यमंत्री रूद्म स्टालिन की ओर है भारतीय जनता पार्टी यहां पर 17 फीसदी वोट हासिल कर चुकी है। एआईडीएमके और भारतीय जनता पार्टी मिलकर विधानसभा चुनाव में लड़ेंगे। आंध्र प्रदेश में 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों साथ साथ हुए थे तब टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री बने लेकिन उन्होंने कुछ मुद्दों तथा आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दृढ़ता से मना कर दिया क्यूंकि ये भारत के संविधान के खिलाफ था ।2019 के विधानसभा चुनावों में चंद्रबाबू नायडू चुनाव हार गए और जगन मोहन रेड्डी की पार्टी जीती तब जाकर चंद्रबाबू नायडू को लगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पंगा लेना ठीक नहीं है 2024 में भारतीय जनता पार्टी से मिलकर लड़े तो जीत हासिल हुई और आज मुख्यमंत्री है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्रो में नवीन पटनायक, गुलामनबी आजाद,शरद पवार, नीतीश कुमार, शंकर सिंह बघेला,शामिल है।

समाजवादी पार्टी के नेता स्व मुलायम सिंह से उनकी अच्छी मित्रता थी जिसे ने अखिलेश यादव के साथ भी राजनीतिक मामलों को छोड़कर निभाते है।

# रेलवे लाइन पर अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

## – क्षत–विक्षत अवस्था में शव बरामद, शिनाख्त के प्रयास जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के मलुही गांव के निकट एवं भाजपा कार्यालय के पीछे स्थित रेलवे लाइन पर बुधवार देर रात एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे लाइन पर करीब 26 वर्षीय अज्ञात युवक का शव क्षत–विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिाक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक ने नेवी ब्लू रंग की जीन्स, अंदर हल्के गुलाबी रंग की बनियान तथा फिरोजी रंग की टी–शर्ट पहन रखी थी। युवक का रंग सांवला बताया जा रहा है। शव की हालत अत्यंत क्षत–विक्षत होने के कारण मौके पर पहचान संभव नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। शिनाख्त एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान मंदिर परिसर के पास तहरी भोज 23 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोड़ियनपुरवा चौराहा के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास 23 जनवरी शुक्रवार को आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह पुण्य आयोजन दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक निरंतर चलेगा। आयोजन स्थल सकरन.मतुवा मार्ग पर निर्धारित किया गया है, जहाँ क्षेत्र के श्रद्धालुओं, भक्तों एवं आमजन को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजकों का कहना है कि तहरी भोज केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का प्रतीक है, जिसमें सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया जा सकता है। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के आयोजक प्रवीन कुमार सिंह हैं, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं लहरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रभु हनुमान की .पा प्राप्त करें और प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, आस्था और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं।

# तंबौर थाने में खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। थाना प्रभारी बृजेश राय द्वारा थाने पर समरसता भोज खिचड़ी का आयोजन किया गया। मकर सक्रांति के पर्व पर पुलिस कप्तान द्वारा थाने में नवनिर्मित थाना प्रभारी कार्यालय का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही परिसर में दो पेड़ लगाकर बृक्षारोपण किया।



खिचड़ी भोज में तमाम गांवों के प्रधान, गणमान्य लोगों के अलावा जिले के कई थानों के प्रभारी ने भाग लेकर एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। खिचड़ी भोज के दिन जिले के पुलिस मुखिया अंकुर अग्रवाल ने लोकार्पण के बाद कहा कि थानों में आवश्यक सुविधाएं निरंतर बड़ाई जा रही हैं। इस मौके पर एडिशनल एसपी आलोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लहरपुर ब्रजेश कुमार यादव, पूर्व प्रमुख अनुपम वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार वर्मा, जय कुमार वर्मा, कस्बे के गणमान्य लोग व कई थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# शिवपाल का अटरिया में स्वागत, कार्यकर्ताओं को दिया पीडीए की मजबूती का मंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो



अटरिया, सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के लखनऊ से लहरपुर जाते समय अटरिया कस्बे में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ढोल–नगाड़ों और गगनभेदी नारों के बीच सपा नेता का अभिनंदन किया गया, जिससे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। फूलमालाओं और बुके से सजी नई बाजार अटरिया के नई बाजार में प्रधाान प्रतिनिधि और सपा नेता अमर सिंह बबलू के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने शिवपाल यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। शिवपाल यादव ने भी गाड़ी से उतरकर सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने पार्टी की भविष्य की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि समाजवादी विचारधारा और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत बनाना ही हमारा लक्ष्य है। आप सभी घर–घर जाएं, पार्टी की जनहितकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं और एकजुट होकर काम करें ताकि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके। अटरिया पहुँचने से पहले, इटौंजा टोल प्लाजा पर भी सपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। यहाँ सपा जिला उपाध्यक्ष अंशू शर्मा (पूर्व प्रधान, सहजनपुर) और खुशीराम पासी के नेतृत्व में भारी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने महासचिव का जोरदार स्वागत कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस मौके पर अमर सिंह बबलू, अंशू शर्मा जिला उपाध्यक्ष, आशीष अवस्थी, रामसागर यादव, मोहित यादव, प्रकाश यादव मौजूद रहे।

# सांसद डिंपल यादव का केक काटकर मनाया जन्मदिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। समाजवादी पार्टी की महिला शक्ति मैनपुरी सांसद डिंपल यादव के जन्मदिवस के अवसर पर नगर में निःशुल्क कोचिंग संस्थान के संचालक अंकित अंबेडकर की कोचिंग में होनहार बच्चो के साथ केक काटकर राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी विदित द्वारा पेंसिल बॉक्स,पाठ–पाठन की सामग्री व मिष्ठान वितरण कर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राघवेंद्र चंदेल राजन, प्रियांशु गुप्ता, दिनेश यादव, संजय सिंह, नासिर खान, जीतू यादव व अन्य साथी उपस्थित रहे।

# खाकी के सम्मान पर प्रहार, यादव बंधुओं का खूनी तांडव

## - ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड और बेटे को अधमरा कर सड़क पर फेंका

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। प्रदेश में जहां एक ओर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का डंका बज रहा है, वहीं अटरिया थाना क्षेत्र में बेखौफ दबंगों ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। हीरपुर गांव के दबंग यादव बंधुओं ने श्खाकीश का जरा भी लिहाज न करते हुए, लखनऊ में पुलिस महानिदेशक कार्यालय में तैनात एक होमगार्ड और उनके निर्दोष बेटे को सरेराह मौत के घाट उतारने की कोशिश की। घटना बीते बुधवार की है जब रनुवापारा निवासी सीताराम गौतम पुत्र स्व. उदे लखनऊ में पुलिस महानिदेशक कार्यालय में होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। उन्हें लेने पहुंचे उनके पुत्र कौशल को पहले से घात लगाए बैठे हीरपुर के दबंगों सिद्धराम यादव, विमल यादव, होशराम यादव और पंकज यादव ने रोक लिया। जैसे ही पिता–पुत्र



एक साथ मोटरसाइकिल से आगे बढ़े, हिंद अस्पताल के पास इन दबंगों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। आरोप है कि इन हमलावरों ने न केवल उनका रास्ता रोका, बल्कि उनकी जाति को लेकर अत्यंत भद्दी और अपमानजनक टिप्पणियां कीं। दबंगई की इंतहा तब हो गई जब विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों और हॉकी से हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इतना बर्बर था कि एक आरोपी ने सीधे सीताराम के सिर पर हॉकी से जोरदार वार किया। प्रहार इतना घातक था कि सीताराम का सिर फट गया और वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। पिता को बचाने आए बेटे कौशल को भी इन दरिंदों ने लात–घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीटा। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब पुलिस विभाग से जुड़े व्यक्ति पर सरेआम हमला हो सकता है, तो आम जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे है। अटरिया थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और एससी/एसटी एक्ट की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित परिवार अब खौफ के साये में जीने को मजबूर है। सीताराम गौतम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अपनी और अपने परिवार की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा इन दबंगों को तत्काल जेल भेजने की मांग की है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन इन श्गुंडोंश के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई कब करेगा? क्या खाकी पर हाथ उठाने वाले ये दबंग सलाखों के पीछे जाएंगे या पुलिसिया कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगी?

# उमरिया महोली-सीतापुर मार्ग पर जनता बस सेवा प्रारंभ करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। महोली उमरिया–चतुरैया–महोली–सीतापुर मार्ग पर विगत लगभग 15 वर्षों से रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है, किंतु अब इस मार्ग पर जनता बस सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा लगातार उठाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जनता बस सेवा का किराया अपेक्षा.त कम होने से आमजन को, विशेष रूप से किसानों, मजदूरों एवं विद्यार्थियों को, अधिक सुविधा प्राप्त होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देशानुसार जनता बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 385 मार्गों पर बस सेवाएँ प्रारंभ की जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध–ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सस्ती, सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में उमरिया चतुरैया.नीमचेना.ढाकिया. बड़ागांव.महोली.सीतापुर मार्ग पर जनता बस सेवा संचालित किए जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर बस सेवा प्रारंभ होने से किसानों, मजदूरों एवं विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों की बेटियाँ प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करने के लिए यात्रा करती हैं, ऐसे में सस्ती एवं सुरक्षित बस सेवा उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि जनता बस सेवा प्रारंभ होने से आर्थिक रूप से कमजोर किसान परिवार कम किराये में सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे, जिससे शिक्षा, रोजगार एवं दैनिक आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस संबंध में सीतापुर जनपद के उमरिया क्षेत्र से भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एन. सी. आर्य ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। वहीं उमरिया के पूर्व प्रधान रुद्र प्रताप सिंह ने भी आईजीआरएस के माध्यम से मांग प्रस्तुत की है। इसके अतिरिक्त भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के मीडिया प्रभारी द्वारा ई–मेल के माध्यम से जिलाधिकारी एवं परिवहन विभाग को ज्ञापन भेजा गया है। ग्रामीणों में तेजराम, प्रशांत, सुमित मौर्य, अनुज सिंह, विनय अवस्थी, बाबू भगवती प्रसाद, विक्रम कुमार (किसान नेता) सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि उक्त मार्ग पर शीघ्र जनता बस सेवा प्रारंभ की जाए, जिससे क्षेत्र की जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाने जा रहे परिवार के साथ अनहोनी

## - पेड़ से टकराई बेकाबू कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जहाँ हर ओर खुशियों का माहौल था, वहीं कोतवाली देहात क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया। लखीमपुर से सीतापुर आ रही एक तेज रतार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक विशाल पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख–पुकार मच गई। यह हृदयविदारक घटना लखीमपुर मार्ग पर स्थित स्टडी वेल पब्लिक स्कूल के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की गति काफी तेज थी। अचानक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पेड़ में जा घुसी। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक कार में लखीमपुर निवासी नेहा अपने दो मासूम बच्चों के साथ सवार थीं। बताया जा रहा है कि नेहा अपने बच्चों के साथ लखीमपुर से सीतापुर में आयोजित एक खिचड़ी भोज में शामिल होने जा रही थीं, लेकिन गंतव्य तक पहुँचने से पहले ही यह हादसा हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। कार के भीतर फंसे घायलों को स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुँच गई। घायल नेहाकी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार बच्चों को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसे की मुख्य वजह तेज रतार और वाहन का संतुलन बिगड़ना माना जा रहा है।



# कॉलेज से घर लौट रही दो छाताओं से रेप की कोशिश

## - गन्ने के खेत में खींचने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

सकरन, सीतापुर। जनपद के सकरन थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा के दावों को धता बताते हुए एक बेहद खौफनाक मामला सामने आया है। यहाँ कॉलेज से घर लौट रही दो छात्राओं को रास्ते में रोककर उनके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक इंटर और हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो छात्राएं बुधवार शाम सूर्य प्रताप इंटर कॉलेज से छुट्टी के बाद अपने घर वापस जा रही थीं। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दो युवकों ने सुनसान स्थान का फायदा उठाकर छात्राओं को रोक लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने छात्राओं के साथ बदतमीजी की और उन्हें जबरन पास के गन्ने के खेत में खींचने लगे। साहस और शोर से बची जान छात्राओं ने हिम्मत नहीं हारी और खुद को बचाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख–पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े। भीड़ को अपनी ओर आता देख आरोपी युवक उन्हें धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज पीड़ित छात्राओं ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। परिजनों के साथ थाने पहुंची छात्राओं ने आरोपियों की पहचान शिवेंद्र पुत्र विकास और राजा के रूप में की है। सकरन पुलिस ने तत्काल प्रभाव से तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरतारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। मामला बेहद गंभीर है। छात्राओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। आरोपियों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस घटना के बाद से इलाके के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अभिभावक अब छात्राओं को अकेले स्कूल भेजने में डर महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।




# महमूदाबाद में नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो/ महमूदाबाद, सीतापुर। थाना महमूदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गुलौली और देवकलिया सीमा के पास आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता पाया गया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय निवासियों में डर का माहौल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह जब ग्रामीण नित्य क्रिया के लिए खेतों की ओर निकले, तो उन्होंने खरझा मार्ग पर स्थित नीम के पेड़ से एक युवक को लटका हुआ देखा। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह आसपास के गांवों में फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।



मृतक की हुई पहचान भीड़ में मौजूद लोगों ने मृतक की पहचान अरविन्द (20 वर्ष) के रूप में की। अरविन्द, धुसे पुरवा (मजरे गुलौली) का निवासी था और कमलेश का पुत्र था। जैसे ही घटना की सूचना परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। रोते–बिलखते परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शुरू की जांच सूचना मिलते ही महमूदाबाद क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव और कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को लिखित सूचना देकर मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और साजिश। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# होरीलाल पाडेय ने देवदेश्वर मंदिर पर कराया खिचड़ी भोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आज नैमिषारण्य स्थित देवदेश्वर मंदिर प्रांगण में समरसता और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। मनिकापुर (शिवथान)



के वरिष्ठ समाजसेवी होरीलाल पांडेय के तत्वावधान में समरसता खिचड़ी भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारदानंद गुरुकुल में अध्ययनरत आचार्यों, क्षेत्र के गणमान्य एवं सम्मानित नागरिकों, पत्रकार बंधुओं सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं आम जनमानस ने सहभागिता की और प्रसाद स्वरूप खिचड़ी भोज ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे परिसर में भक्तिमय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। वक्ताओं ने मकर संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल ऋतु परिवर्तन का ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और समानता का भी प्रतीक है। समाजसेवी होरीलाल पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता की भावना मजबूत होती है और सभी वर्गों के लोगों को एक साथ बैठकर भोजन करने का अवसर मिलता है। व्यवस्था की .ष्टि से आयोजन को सुव्यवस्थित रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। क्षेत्रीय लोगों ने इस पुनीत आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक का आभार व्यक्त किया। समरसता खिचड़ी भोज के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सामाजिक सौहार्द और एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

# देर रात चला विद्युत चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा रात्रि चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वाले को विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई। बताते हैं कि जिलाधिकारी राजा गणपति आर के निर्देश पर ग्राम भूलभुलिया व शेरपुर में बिजली बिल बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन की बीती रात डिफाल्टर के विरुद्ध पुनः चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पूर्व में 19 विद्युत कनेक्शन काटे गए थे जिसमें दो कनेक्शन जुड़े पाए गए जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। वहीं 8 लोगों द्वारा पंजीकरण करा कर विद्युत कनेक्शन जुड़वाया गया। अभियान के दौरान बिजली बिल बकायेदारों से 50 हजार रुपए का राजस्व भी वसूल किया गया। यह चेकिंग अभियान प्रशासन व बिजली विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा चलाए गया जिसमें प्रमुख रूप से अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार अशोक यादव, उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, अवर अभियंता राकेश कुमार व शेरपुर पुलिस चौकी के पुलिस कर्मी शामिल रहे। वहीं प्रत्येक बिजली कनेक्शन की चेकिंग की गई साथ ही बिजली बिल राहत योजना में बिजली का बिल जमा करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने इस अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह का अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा और विद्युत चोरी करने वालों के विरुद्ध नियमनुसार कार्रवाई की जाएगी उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समय पर अपना बिल जमा करें व बिजली चोरी न करें।



# मकर संक्रांति के पर्व पर जगह-जगह खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। कटरा के मोहल्ला वंगशान के रामनगर कॉलोनी में जसवंत किराना स्टोर पर आज मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम में कटरा विधाायक डॉ वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया। इस दौरान रामेश्वर सिंह चौहान, जसवंत सिंह चौहान, अभय सिंह चौहान भगवत शरण शर्मा, अनिल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सुनील सक्सेना, भाजपा मंडल रजत शर्मा, अर्जुन शर्मा सचिन गुप्ता, विपिन शर्मा अवनीश श्रीवास्तव, सभासद अरविन्द सिंह चौहान, दुरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। मेंन बाजार में सर्राफा व्यापारी राहुल गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद चक्र इस दौरान राहुल गुप्ता रचित गुप्ता देवेश गुप्ता जतिन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे स्टेशन रोड पर अभिषेक गुप्ता राजा ने भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया जहां राहगीरों ने जमकर खिचड़ी का लुत उठाया।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# सवेदनशील एसडीएम का बेशर्म रवैया, दो मौत पर नहीं पसीजा दिल
## - सीएम के साथ फोटो वायरल, कर्तव्यनिष्ठा शून्य

न्यूज वाणी ब्यूरो


डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ में मार्ग दुर्घटनाओं में जान गवाने का सिलसिला गुरुवार को लालगंज मार्ग पर दो मौतों के साथ अनवरत जारी रहा यातायात माह जनवरी में अब तक डलमऊ में आधा दर्जन के करीब मौतें हो चुकी जिनकी सुध लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर खानापूर्ति के साथ जिम्मेदारी की इतिश्री कर लेने वाले प्रशासनिक अमले की असंवेदनशील रवैया लगातार जारी है किसी ने मां खोई तो किसी ने घर का चिराग तो किसी ने भाई बहन को एक साथ खो दिया जिसके बाद अस्वासन के अलावा प्रशासन के पास कोई ठोस विकल्प को अमली जामा पहनाने की जरूरत नही समझी गयी। घटना कोतवाली क्षेत्र के मुराई बाग कस्बे के लालगंज रोड पर तेज रतार डंपर ने भाई बहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे भाई बहन की दर्दनाक मौत हो गई। दर्दनाक सड़क हादसा तेज रतार डंपर ने बाइक सवार भाई बहन को रौंदा, दोनों भाई बहन की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर शुरू किया धरना प्रदर्शन मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुराई बाग चौराहे के पास की है जहां अंकित उम्र 25 वर्ष अपनी बहन सोनम उम्र 22 वर्ष निवासी गुंजन का पुरवा कोतवाली डलमऊ के साथ जा रहा था तभी मुराई बाग चौराहे के पास तेज रतार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि भाई बहन की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम धरना प्रदर्शन शुरू किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को मय ट्रक के कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। एसडीएम की सूबे के मुखिया से साथ फोटो वायरल,घटनास्थल पर नही पहुंचे एसडीएम उपजिलाधिकारी डलमऊ की कार्यशैली की शिथिलता का अंदाजा सिर्फ इस बात से ही लगाया जा सकता है कि किसी भी घटना में उनकी उपस्थिति शून्य रहती है जबकि उपजिलाधिकारी डलमऊ का ध्यान केवल भ्रस्टाचार के नए नए विकल्पों के सृजन में रहता है उपजिलाधिकारी डलमऊ अक्सर लोगों को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ फोटो को दिखाकर क्षेत्रीय नेताओं और अधिकारियों पर अपना दबदबा कायम रखते है यहां तक कि दुर्घटना के क्षेत्रीय दलों और समाजसेवी व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा ज्ञापन देने के क्रम में तहसीलदार डलमऊ के द्वारा उसे स्वीकार किया गया जबकि उपजिलाधिकारी डलमऊ कार्यालय के अंदर से बाहर निकल कर पीड़ित पक्ष को ढांढस तक देना भी उचित नही समझा। गुरुवार को घटना में हुई भाई बहन की मौतों के बाद भी मौके पर पहुंचना जरूरी नही समझा और फोन उठाना तो उनकी शान के खिलाफ ही है। उपजिलाधिकारी डलमऊ की कर्तव्यनिष्ठा कार्यालय तक ही सीमित रहती है जिसके बाहर के कर्तव्यों के निर्वाहन का दायित्व शायद उनकी कार्यसीमा से बाहर रहती है। अतिक्रमण हटाने पर बनी सहमति गुरुवार को हुई घटना के बाद व्यापारी संगठनों व क्षेत्रीय प्रशासन के मध्य घटनाओं के दो बड़े कारणों पर सहमति बनी जिसमे बड़े वाहनों को विद्यालय के छुट्टी के समय पर पूर्ण पाबंदी व नगर क्षेत्र के अंदर बेतरतीब अतिक्रमण को हटाने की सहमति के साथ व्यापारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया हालांकि इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डलमऊ घटना व घटनास्थल से दूरी बनाने में कामयाब रहे। नायब तहसीलदार व क्षेत्राधिकारी के आश्वासन पर धरना समाप्त गुरुवार को हुई दुर्घटना में भाई बहन की मौत पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह व क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह ने उत्तेजित गमगीन भीड़ को रविवार तक समय लेकर भारी वाहनों पर सख्त नियम के आश्वासन पर धरने को शांत कराया जिसके बाद लोगों ने क्षेत्राधिकारी डलमऊ के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया।



# मिशन शक्ति के तहत चलाया जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत गुरुवार को शक्ति मोबाइल की महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने घर–घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए तथा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। महिला मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना संकोच इन नंबरों का प्रयोग करें। इसके साथ ही महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित व्यवहार, स्वास्थ्य जागरूकता एवं आत्मनिर्भर बनने के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा महिलाओं को बताया गया कि जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है और सतर्क रहकर ही स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखा जा सकता है। अभियान के दौरान विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने छात्र–छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर भविष्य को सुरक्षित बनाने एवं प्राप्त जानकारी को परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों तक साझा करने की अपील की। अंत में महिलाओं से सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक रहने का संदेश दिया गया।



# आज फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। फ्रेंडस कालोनी विद्युत उपकेन्द्र के अवर अभियंता ने बताया कि 16 जनवरी को विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी 2 से पोषित 11 केवी श्याम नगर फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते मेहरा फाटक से लेकर इंडियन ऑयल, इंडियन गैस एजेंसी तक सड़क पर स्थित बिजली की लाइनों को शिट किया जाना आवश्यक है। इसी कारण संबंधित क्षेत्र में अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवधि में आवश्यक विद्युत कार्य पूर्व में पूर्ण कर लें तथा विभाग को सहयोग प्रदान करें। असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया है।

# परशुराम सेवा समिति का खिचड़ी भोज कल

न्यूज वाणी ब्यूरो /इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) के तत्वावधान में खिचड़ी भोज कार्यक्रम 17 जनवरी दिन शनिवार को प्रात 11 बजे से प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी के आवास चांदनपुर इकदिल में आयोजित किया जायेगा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से खिचड़ी भोज कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया।

# मिशन शक्ति का ग्राम चाँदई में हुआ आयोजन
## - महिलाओं को सुरक्षा व योजनाओं की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत गुरूवार को थाना चकरनगर पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चाँदई में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं आत्मनिर्भरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। इसके साथ ही महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों एवं स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में भी जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि सतर्कता और जागरूकता ही महिलाओं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। अभियान के दौरान विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला मिशन शक्ति टीम ने छात्र–छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर भविष्य को सुरक्षित बनाने तथा प्राप्त जानकारी को परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक साझा करने की अपील की। अंत में महिलाओं से सुरक्षित, स्वस्थ एवं जागरूक रहने का संदेश दिया गया।




# एसएसपी के निर्देशन में चला बाल विवाह मुक्तभारत अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना एएचटी द्वारा जन–जागरूकता अभियान चलाया गया।




थाना एएचटी की संयुक्त टीम द्वारा थाना वैदपुरा एवं सैफई क्षेत्रान्तर्गत अभियान संचालित कर समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करने का प्रयास किया गया। यह अभियान 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य कानूनों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान मैरिज होम स्वामी, सभासद, बैंड संचालक, ग्राम प्रधान, हलवाई, मंडप एवं बैंक्विट हॉल संचालक तथा मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों को बाल विवाह को दण्डनीय अपराध बताते हुए शून्य सहनशीलता नीति की जानकारी दी गई। इस जन–जागरूकता अभियान में थाना पछायगांव पुलिस, एसजेपीजे प्रभारी, थाना एएचटी टीम तथा बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह की किसी भी घटना को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्मी, सलाखों के पीछे भेजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दुष्कर्म (रेप) जैसे गंभीर मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना खीरी पर पंजी.त मुकदमा अपराध संख्या 775/25 में आरोपी की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) (दुष्कर्म) और 351(3) के तहत मामला दर्ज था। पुलिस अधीक्षक खीरी, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरतार अभियुक्त का विवरण पुलिस द्वारा गिरतार किए गए अभियुक्त की पहचान पतिराखन पुत्र कामता प्रसाद के रूप में हुई है। 36 वर्षीय पतिराखन थाना व जिला खीरी के ग्राम मदारापुर आधाचाट का निवासी है। गिरतारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरतार करने वाली पुलिस टीम इस कार्रवाई में थाना खीरी की पुलिस टीम की भूमिका अहम रही। टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 पटेल राठी, कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल गवेन्द्र पाल शामिल रहे।




# करमचंदपुर सांड़ा गांव में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर
## - मोतियाबिंद मरीजों को बाटे गए कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ भिटौरा ब्लॉक की ग्राम सभा करमचंदपुर सांडा के पंचायत घर में एक विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नदीम उद्दीन पप्पू के नेतृत्व में नारी समर्था साईं आई हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि और वरिष्ठ समाजसेवी संतोष तिवारी की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कार्यक्रम में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित प्रत्येक मरीज को मुख्य अतिथि द्वारा निशुल्क कंबल वितरित किए गए, ताकि कड़ाके की ठंड में उन्हें राहत मिल सके। शिविर में पहुंचे अनुभवी डॉक्टरों की टीम डॉ. आलोक तिवारी, डॉ. नीलेश सिंह बघेल और डॉ. संगीता सिंह यादव ने सैकड़ों ग्रामीणों की आंखों की विस्तृत जांच की। परीक्षण के दौरान मरीजों को .ष्टि दोष की जांच कर निःशुल्क चश्मा भी प्रदान किया। अस्पताल की ओर से विशेष सुविधाएं अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया है, उनका फेकू विधि (बिना टांके वाला) से आधुनिक ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों को लेंस और दवाएं पूरी तरह निःशुल्क दी जाएंगी। भर्ती होने वाले मरीजों को अस्पताल के वाहन द्वारा ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के बाद सकुशल वापस घर छोड़ा जाएगा। डॉक्टरों ने बताया कि लाभार्थी मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है। इस अवसर पर गांव के सैकड़ो ग्रामीण और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।




# कानून व्यवस्था सुदृढ़, पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए विभिन्न थानों में प्रभावी कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 09 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना बलरई पुलिस द्वारा धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए विशाल पुत्र रामनरेश, अभिषेक पुत्र रामनरेश, निकेत उर्फ निक्की पुत्र आनन्द सिंह, आनन्द सिंह पुत्र मलखान सिंह, निवासीगण ग्राम बलरई, थाना बलरई को गिरतार किया गया। थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दीपक पुत्र वीरेन्द्र एवं विपिन कुमार पुत्र जगदीश, निवासीगण ग्राम रायनगर, थाना वैदपुरा को गिरतार किया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 03/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 117(2) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अखिलेश पुत्र बेचेलाल, असित पुत्र बेचेलाल एवं बेचेलाल पुत्र बनवारी लाल, निवासीगण ग्राम नगला बाबा, थाना सिविल लाइन को गिरतार किया गया। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपदीय पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# 22 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान में पलिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक शातिर तस्कर को गिरतार कर उसके कब्जे से 22 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है। चेकिंग के दौरान दबोचा गया तस्कर। मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष पलिया पंकज त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर संजय उर्फ मक्खन सिंह नाम के अभियुक्त को गिरतार किया गया। जामातलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस टीम की मुस्तैदी इस सफलता में थानाध्यक्ष के साथ उनकी टीम के अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नशा तस्करी के इस नेटवर्क की जड़ें खंगाली जा रही हैं ताकि मुख्य सरगनाओं तक पहुँचा जा सके। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। नशे के विरुद्ध हमारी जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



# लोहारी के कैंप कार्यालय में लगा जनता दरबार
## - योजनाओं की जानकारी देकर जरूरतमंदों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी द्वारा प्रत्येक माह के 15 तारीख को कैंप कार्यालय में लगने वाले जनता दरबार में क्षेत्र से आए हुई जनता की राशन पेंशन आवास शौचालय की समस्या को सुनकर तत्काल सभी सरकारी लाभ का फॉर्म भरवा कर ऑनलाइन करवाया। फतेहाबाद की दिव्यांग कमला, मातादीन गांव के रामसजीवन, नौगांव, बारा मिल चौराहा, जमरावां, फिरोजपुर आदि गांव की विधवा महिलाएं व बुजुर्गों को ठंड में कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिला पंचायत सदस्य लोहारी को सभी ने आशीर्वाद दिया। श्री लोहारी ने बताया कि प्रत्येक महीने की 15 तारीख को लगने वाले जनता दर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र से आए हुए सभी लोगों की समस्याओं को सुना जाता है। संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उन्हें अभिलंब निस्तारित कराया जाता है। जनता दर्शन में शनि सिंह, किशन सिंह, सुरेश दुबे, अरुण बाजपेई, रंजू सिंह, विकास दुबे, विनोद तिवारी के अलावा नागेंद्र पांडेय, मनोज मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, राज बहादुर पाल भी मौजूद रहे।



# सेना दिवस पर आर्मी ट्रेनिंग सेंटर ने निकाली रैली
## - भारत माता की जय व सेना के सम्मान में जैसे लगाए जोशीले नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सेना दिवस पर वीरांगना स्पोर्ट एकेडमी आर्मी ट्रेनिंग सेंटर की ओर से शहर में भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। देशभक्ति के नारों और संदेशों से सजी यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जिसमें राष्ट्रप्रेम और भारतीय सेना के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। रैली में वीरांगना स्पोर्ट एकेडमी के साथ–साथ उसकी दूसरी शाखा दूजी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के कैडेट्स ने अनुशासन और जोश के साथ भाग लिया। कैडेट्स हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय और सेना के सम्मान में जैसे नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। रैली को सागर ग्रुप के चेयरमैन अशोक मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकेडमी के चेयरमैन अभिनेष मौर्य ने कहा कि सेना दिवस पर आयोजित यह रैली युवाओं को देश सेवा, अनुशासन और बलिदान की भावना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के प्रति सम्मान प्रकट करना और नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए उनकी संस्था लगातार काम कर रही है बच्चों को सेना हेतु निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग दी जाती है। देशभक्ति रैली को लेकर कैडेट्स के साथ–साथ शहरवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने जगह–जगह रैली का स्वागत कर भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया।






# पूर्व सैनिकों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

## - सेना दिवस पर कार्यक्रम का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति ने भारत के 78 वें सेना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम अभी तक जितने जवान शहीद हुए उनको श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्जवलन किया। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया।



अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश सेवा के अंतिम सेना अध्यक्ष सर फ्रांसिस बूचर तत्कालीन चीफ आर्मी कमांडर गोंडडेरा एम करिअप्पा ने सेना अध्यक्ष का पद संभाला जो बाद में फील्ड मार्शल बने। यह सेना दिवस सैनिकों के सम्मान एवं श्रद्धांजलि को मनाने के तौर पर मनाया जाता है। भारतीय सेना की अदम्य साहस निस्वार्थ सेवा और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। अध्यक्ष ने कहा कि यह जो तिरंगा लाल किला पर फहराता है वह हवा के झोंके से नहीं फहराता बल्कि उन शहीदों की अंतिम सांस की हवा ही तिरंगे को लहराने का काम करती है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने बताया कि अभी तक 21 परमवीर चक्र जिसमें 14 मरणोपरांत 215 वीर चक्र 348 कीर्ति चक्र 369 शौर्य चक्र दिए गए हैं। इसके पश्चात सूबेदार चंद्र पाल सिंह सेना मेडल तथा वीर नारियों का सम्मानित किया गया। अंत में एक स्वल्प आहार और प्रीत भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार शुक्ला, भरोसा प्रसाद अग्निहोत्री, चंद्रमणि दुबे, देवेंद्र कुमार शुक्ला, रामराज अवस्थी, अजय कुमार यादव, हीरालाल यादव, एसपी सिंह, सुनीता यादव, रामकुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिले में पारम्परिक ढंग से मनाया मकर संक्रान्ति का पर्व

## - अलग-अलग स्थानों पर खिचड़ी भोज के हुए कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। मकर संक्रान्ति का पर्व गुरूवार को समूचे जनपद में हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। पर्व के मौके पर विभिन्न संगठनों द्वारा खिचड़ी भोज के आयोजन भी किये गये। साथ ही कैम्प लगाकर खिचड़ी का वितरण किया गया। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने सुबह–सुबह गंगा स्नान में डुबकी लगाई तत्पश्चात खिचड़ी का लुत्फ उठाया। मकर संक्रान्ति के पर्व को लेकर कई दिनों पहले से तैयारियां की जा रही थीं। महिलाओं ने तरह–तरह के पकवान बनाने के लिए जमकर खरीददारी की थी। सुबह से ही पर्व को लेकर सभी घरों में गजब का उत्साह देखा गया। उरद की दाल की खिचड़ी, दही बड़ा, पापड़ सहित अन्य व्यंजन तैयार किये। सर्वप्रथम लोगों ने स्नान किया तत्पश्चात पूजा–अर्चना हुई और गर्मागरम खिचड़ी का लुत्फ उठाया। इसके अलावा ओम घाट भिटौरा सहित अन्य घाटों पर गंगा स्नान करने वालों का जमावड़ा लगा रहा। मान्यता के अनुसार सर्वप्रथम लोगों ने गंगा स्नान किया तत्पश्चात खिचड़ी का आनन्द उठाया। पर्व को लेकर कई स्थानों पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मानव सेवा परिवार की ओर से शीतला मंदिर, कोतवाली रोड के निकट मंगलवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य ट्रस्टी राधेश्याम हयारण ने कार्यक्रम कराया। प्रातः काल से ही चाय और पकौड़ी की व्यवस्था की गई। जिसके बाद श्रद्धालुओं व राहगीरों को खिचड़ी वितरित की गई। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा महामंत्री विनोद सिंह, हरिओम हयारण, पंकज केसरवानी, अमित शरण बॉबी (पत्रकार), डॉ. रवीनाथ गुप्ता, पंडित रामशरण, दिलीप गुप्ता, नारायण बाबू गुप्ता, गोलू साहू, मनीषा गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विनोद कसेरा, सुमित गुप्ता, शिवप्रसाद मामा, इस्माइल वारसी सहित अनेक सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष .ष्ण कुमार तिवारी के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों ने खजुहा में व्यापारियों और आम जनमानस के मध्य खिचड़ी वितरित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मित द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री, जय किशन, जिला उपाध्यक्ष सलामत अली, अनिल महाजन, प्रियंका पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। श्री सीताराम मंदिर सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गोपालनगर में श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता भी खिचड़ी भोज मे शामिल हुए। छोटे बच्चों को पतंग वितरण वितरण किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, तेलियानी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक त्रिवेदी, प्रकाश चंद्र गुप्ता, दिनेश तिवारी खलीफा, अवनीश कुमार, मोहित गुप्ता, मनीष कुमार, आशीष गुप्ता समेत सैंकड़ो लोग उपस्थित रहें। उध ार अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा लाजहीरा कलक्टरगंज में खिचडी सहभोज एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज को संगठित रहने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त, युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, संजय गुप्ता, विनय गुप्ता फौजी, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, राम विशाल गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता संजय गुप्ता, नरायण गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष उमाशरन गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पावर ग्रिड की सुरक्षा में तैनात पूर्व सैनिकों ने तांबेश्वर मंदिर गेट के सामने पण्डाल लगाकर खिचड़ी भोज का आयोजन किया। सभी श्रद्धालुओं के बीच गरमा गरम खिचड़ी परोसी गई। इस मौके पर एसएस पाण्डेय, रामेश्वर सिंह, जगनन्दन सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह, एके दीक्षित, विजय कुमार, राजीव कुमार, राजेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

bu I V&

### दिन भर चला पतंगबाजी का दौर

फतेहपुर। मकर संक्रान्ति के पर्व पर पतंगबाजी भी अहम है। पर्व में प्रथा के अनुसार पतंगबाजी करने के लिए सुबह से ही दुकानों पर युवाओं एवं बच्चों की भीड़ लगी रही। दुकानों पर सजी रंग–बिरंगी पतंगे सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। युवाओं एवं बच्चों ने अपनी मन पसंदीदा पतंगे, डोर व मंझा खरीदा और किसी ने अपने घर की छत तो किसी ने मैदान में पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। दांव–पेंच के दौरान किसी की पतंग कटी को बच्चों का हुजूम का हुजूम पतंग लूटने के लिए दौड़ पड़ा। छीनाझपटी के बीच पतंग के टुकड़े–टुकड़े भी हुये। आसमान पर रंग–बिरंगी लहलहा रही पतंगे अपनी ओर लोगों को आकर्षित कर रही थी। ठण्ड के बावजूद लोगों ने पतंगबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। देर शाम तक पतंगबाजी का दौर चला।

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मडेर तालाब पर हो रही पुराई

## - यथास्थिति आदेश की खुलेआम अवहेलना, प्रशासन की भूमिका कटघरे में

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के कस्बा दक्षिणी में कालीकन मंदिर के पास स्थित ऐतिहासिक मंडेर तालाब (गाटा संख्या 2575, लगभग 14 बीघा) एक बार फिर भू–माफियाओं के निशाने पर है। हैरानी की बात यह है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का स्पष्ट आदेश दिए जाने के बावजूद तालाब की जमीन पर तेजी से पुराई कर प्लाटिंग की कोशिश की जा रही है, जबकि प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। मंडेर तालाब न सिर्फ राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, बल्कि वर्षों से लोगों की आस्था और जल संरक्षण का केंद्र रहा है। देखरेख के अभाव में पहले तालाब को बदहाल किया गया, फिर राजस्व कर्मियों की कथित सांठ–गांठ से दबंगों को पट्टा दिलवाया गया। स्थानीय लोगों के विरोध और न्यायालय में याचिका



के बाद उपजिलाधिकारी सदर फतेहपुर ने 25 अक्टूबर 2019 को धारा 38(1) के तहत आदेश पारित कर तालाब की जमीन को पुनः तालाब खाते में दर्ज कराया, और भूमिधरों के नाम निरस्त कर दिए गए। इसके बावजूद प्रशासन सात वर्षों तक सोया रहा। इसी उदासीनता का फायदा उठाकर अब फिर से तालाब की जमीन बेची जा रही है और अवैध कब्जे की कोशिश शुरू हो गई है। विरोध बढ़ने पर मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा, जहां रिट संख्या 14239/2025 में 14 मई 2025 को माननीय न्यायालय ने अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लेखपाल की मिलीभगत से पूरा खेल खेला जा रहा है, और प्रशासन जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो मंडेर तालाब भी उन्हीं तालाबों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनके नाम तो मोहल्लों में जिंदा हैं, लेकिन अस्तित्व जमीन से मिट चुका है। जिले में पहले ही नववहिया तालाब, कूढ़ तालाब, विक्टोरिया तालाब, चंडी तालाब, ककरहा तालाब, नारायण दास की कुटी का तालाब, रांड़न का तालाब, बागबादशाही, सत्ती देवी, सगरा, लालबिहारी और रानी का तालाब जैसे कई ऐतिहासिक जलस्रोत कागजों तक सिमट चुके हैं।

# समाजसेवी ने एक सैकड़ा गरीबों को बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के समाजसेवी द्वारा पिता की चौथी पुण्यतिथि एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लगभग एक सैकड़ा गरीबों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में समाजसेवी पप्पन मिश्रा एवं छिवलहा डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रानू त्रिपाठी ने स्वयं आगे बढ़कर गरीबों को कंबल वितरित किए और उन्हें ठंड से बचाव का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ऐसे अवसरों पर जरूरतमंदों की सहायता करना पुण्य का कार्य है। पिता की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और जरूरतमंदों को संबल प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मनोज शुक्ल, आनंद त्रिपाठी, गोरे तिवारी, अक्षय त्रिपाठी, विष्णु, महेश सिंह, पिंटू सोनी, अक्षत त्रिपाठी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन में सहयोग करते हुए इसे सफल बनाया। अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

# डाक अधीक्षक रमेश यादव बने असिस्टेंट सेक्रेटरी

## – पोस्टल अश्वफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव में जिले को मिली ज़िम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पोस्टल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश परिमंडल का 30 वां द्विवार्षिक अधिवेशन हाल ही में लखनऊ स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। अधिवेशन की विशेषता यह रही कि जनपद से डाक



अधीक्षक रमेश यादव को एसोसिएशन में महत्वपूर्ण पद असिस्टेंट सेक्रेटरी के रूप में निर्वाचित किया गया है। उनके चयन से जिले के डाक विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पोस्टमास्टर अयोध्या के मनोज कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पीके सिरोठिया एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। रमेश यादव के चयन को जिले के डाक विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। यह उम्मीद जताई जा रही है कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी विभागीय हितों एवं संगठनात्मक विकास हेतु सार्थक योगदान देगी।

# जयपुरिया में सामान्य फीस पर मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

## - मेधावी छात्रों के लिए जोश स्कॉलरशिप परीक्षा से की जाती मदद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नए शैक्षिक सत्र को




लेकर जयपुरिया स्कूल प्रतिबद्ध है। जयपुरिया स्कूल में सामान्य फीस पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। मेधावी छात्रों के लिए जोष स्कॉलरशिप परीक्षा से मदद की जाती है। यह बात गुरूवार को सेठ एमआर जयपुरिया ग्रुप ऑफ स्कूल की प्रबंधिका रंजना सिंह, संस्था के संरक्षक शिवबली सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि नवीन शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत कौशल आधारित व्यवहारिक एवं प्रयोगात्मक शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए जयपुरिया ग्रुप आफ स्कूल से तीनों संस्थान फतेहपुर में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12 तक व मलवां में भी प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12 तक, बिंदकी संस्थान में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा छह तक के प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं। विद्यालय अपनी सामान्य फीस में ही उच्च व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पवित्र उद्देश्य के साथ संस्थानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयारसत हैं। मेध ाावी छात्रों के लिए संस्थान जोश स्कॉलरशिप परीक्षा द्वारा छात्रों की मदद करने की कोशिश करता है। मलवां संस्थान में आवासीय सुविधा भी उपलब्ध है। वहां बच्चों को अत्याध ाुनिक सुविधाओं से युक्त अनुशासित छात्रावास परिसर उपलब्ध कराकर शिक्षा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं एडिशनल डायरेक्टर जीपी मिश्रा, सीजो वर्गीस, उर्वशी पाण्डेय, जरीना अंजुम, उमेश त्रिपाठी, देवेन्द्र भदौरिया, अभिषेक सिंह के अलावा स्टाफ मौजूद रहा।

# पत्नी के रहते दूसरी शादी रचाने का आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरतार किया है। आरोपी पर पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने, दहेज के लिए मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने वर्ष 2020 में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई थी। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी लगातार सम्मन भेजे जाने के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। इसके बाद कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरतार किया। एसपी अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर वांछितों की गिरतारी के अभियान के तहत, सुल्तानपुर घोष पुलिस ने गुरूवार को अभियुक्त उत्तम पाल को गिरतार किया। उत्तम पाल पुत्र स्व. शिवबरन निवासी ग्राम विक्रमपुर वाद संख्या–8548/20 धारा 498।/494/504/323 बीएनएस का वारंटी था। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक शिवानंद सिंह, हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह शामिल रहे।

# कौशल व उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में पहुचे रेडक्रास चेयरमैन

## – प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न अभियानों के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण जागरूकता अभियान, जल संरक्षण, सरिया हटाओ लाल कपड़ा लगाओ, नशामुक्ति व रक्तदान जागरूकता अभियान ऋतुराज



डिग्री कालेज में चल रहे 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में चलाया। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को हम कार्डियक पल्मोनरी रिसससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से ह्रदय गति रुक जाती है तो हम उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है अनवरत जब तक ह्रदय धड़कना शुरू न कर दे। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते है तत्पश्चात डॉ अनुराग ने सभी विषयों पर अपनी बात रखकर जागरूक किया। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक भी दिया गया। इस अवसर पर ट्रेनर रामसनेही वर्मा, अनीस अहमद सिद्दीकी व प्रमुख सहयोग चैतन्य कुमार उपस्थित रहे।

# दो हत्याभियुक्तों को गाजीपुर पुलिस ने दबोचा

## - घटना में प्रयुक्त चारपाई की बांस की पाटी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर पुलिस ने हत्या के एक मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पास से घटना में प्रयुक्त चारपाई की बांस की पाटी भी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरतार किए गए अभियुक्तों की पहचान शिवप्रसाद लगभग 55 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद और अमित उर्फ संकठ दुबे लगभग 20 वर्ष पुत्र शिवप्रसाद के रूप में हुई है। ये दोनों ग्राम बवारा, थाना गाजीपुर के निवासी हैं। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई चारपाई की दो पाटी बांस की पाटी भी बरामद की हैं। गाजीपुर थाना प्रभारी हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि अंकुश पुत्र रामप्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम बंवारा ने इस संबंध में तहरीर दी थी। तहरीर के



अनुसार 12 जनवरी को शाम करीब 6.30 बजे उनके घर पर निर्माण कार्य समाप्त होने के बाद उनकी मां गुड्डी देवी 50 वर्ष जानवरों को चारा–पानी दे रही थीं। इसी दौरान गांव के ही अनिल उर्फ राजू पुत्र शिवप्रसाद, अमित पुत्र शिवप्रसाद, शिवप्रसाद पुत्र कामता प्रसाद और शिवप्रसाद के दामाद विजय लाठी–डंडे लेकर आए और गुड्डी देवी को पीटने लगे। शोर सुनकर अंकुश और उनके भाई आशीष बचाने दौड़े, तो उन्हें भी मारा–पीटा गया। हमले में गुड्डी देवी को गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गईं। गांव के लोगों के आने पर सभी हमलावर मौके से भाग गए। गुड्डी देवी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत सीएचसी गाजीपुर ले जाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरतारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। गुरूवार की सुबह डडीवा मोड़ थाना गाजीपुर से इन दो आरोपियों को गिरतार किया गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह, कांस्टेबल धीरेंद्र कुमार, बॉबी सिंह, अनूप शुक्ला, देवेंद्र तिवारी और महिला कांस्टेबल पूनम बाजपेई शामिल थीं।

# जन उद्योग व्यापार मंडल का खुला जिला संपर्क कार्यालय

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गुरुवार को अपराह्न तीन बजे राधानगर चौराहे के निकट जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश संगठन के पहले जिला संपर्क कार्यालय का शुभारंभ हुआ। पूर्व घोषित कार्यक्रम संगठन चला व्यापारी द्वार अभियान की षुरूआत हुई। जो बीस अगस्त तक पूरे जनपद में चलेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान ने सबसे पहले



अपने प्रदेश एवं जिला, नगर पदाधिकारियों की उपस्थित में जिला संपर्क कार्यालय का शुभारंभ फीता काटकर किया और आपस में एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया तत्पश्चात एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान ने उपस्थित पदाधिकारियों को संगठन द्वारा लगभग आठ महीने चलने वाले महाअभियान के सफलता पूर्वक चलाए जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पूरे जनपद के समस्त नगरों/कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर व्यापारियों के बीच पहुंचकर संगठन के पदाधिकारीगण समस्याओं के साथ ही जन समस्याओं को भी सूचीबद्ध करके स्थानीय संगठन कार्यालय में पहुंचाएं। जिससे समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं षासन व प्रशासन स्तर पर निराकरण कराया जा सकें। संचालन जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद ने किया। इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान ने राधानगर क्षेत्र के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में जाकर डोर–टू–डोर समस्याओं को सूचीबद्ध किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अजय मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक रायजादा, जीतू हयारण, नईम अहमद, जसवंत गिहार, आशीष शरन, हिमांशु दीक्षित, रामशंकर पाल, अशोक साहू, शिवधेश मौर्य, तौसीफ सिद्दीकी, पप्पू गुप्ता, बुद्धराज धाकड़ी सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की सतर्क निगरानी के बीच हुआ गंगा स्नान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर विधि–विधान से स्नान किया। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित गंगा घाटों पर पुलिस की मजबूत व्यवस्था रही, जिससे पूरा स्नान पूर्णतः शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हुआ। थाना सुल्तानपुर घोष, हुसैनगंज, मलवां, किशनपुर, थाना औंग के थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षकों ने अपने–अपने क्षेत्रों के गंगा घाटों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का जायजा लिया, मौके पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )